**भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी पखवाड़ा-2023 समारोह का आयोजन**

भा.वा.अ.शि.प. – वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में विगत वर्षों की भाँति राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए दिनांक 14 सितम्बर से 27 सितम्बर, 2023 को हिन्दी पखवाड़ा-2023 समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा-2023 समारोह का शुभारंभ सामुहिक रूप से दिनांक को 14 सितम्बर, 2023 को माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भा.वा.अ.शि.प. – वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी लाइव वेबकॉस्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा (14 से 27 सितम्बर, 2023) के दौरान हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया–

1. **हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिताः** दिनांक 18 सितम्बर, 2023 को हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 06 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः सुश्री निमिषा बरुआ, श्री चंदन बोरा तथा श्री राकेश कुमार प्रजापत ने प्राप्त किया।






2. **हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिताः** दिनांक 19 सितम्बर, 2023 को हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 11 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः श्री अनंत रबिदास, श्री अरबिंद डेका तथा श्री चंदन बोरा ने प्राप्त किया।






3. **हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताः** दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः श्री ऋषिकेश सोनोवाल और सुश्री गीताश्री बोरा; डॉ. राजीब कुमार बोरा और सुश्री निमिषा बरुआ तथा श्री अंकुर ज्योति सैकिया और श्री अनंत रबिदास ने प्राप्त किया।






4. **हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिताः** दिनांक 22 सितम्बर, 2023 को हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 12 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः श्री रंजन हजारिका, श्री अनंत रबिदास तथा डॉ. निबेदिता बरुआ दत्ता ने प्राप्त किया।





5. **हिन्दी टिप्पण एवं पत्र लेखन प्रतियोगिताः** दिनांक 25 सितम्बर, 2023 को हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 09 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः श्री रंजन हजारिका, श्री अनंत रबिदास तथा डॉ. निबेदिता बरुआ दत्ता ने प्राप्त किया।






6. **हिन्दी कविता-पाठ प्रतियोगिताः** दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 13 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः श्री असीम चेतिया, श्री देवादित्या मुखोपाध्याय तथा सुश्री गीताश्री बोरा ने प्राप्त किया।







हिन्दी पखवाड़ा-2023 समारोह का समापन दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी महोदय ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया सभी कार्मिक राजभाषा हिन्दी में कामकाज को प्राथमिकता दें। संस्थान के हिन्दी प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा द्वारा संस्थान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी, वैज्ञानिक-जी ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह में अपने संबोधन में सभी को बीते हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सभी प्रभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों व प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी कार्मिकों की प्रशंसा किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'ग' क्षेत्र की राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रयास करते रहना होगा।

कार्यक्रम में पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सरकारी कामकाज में 10,000 से अधिक शब्दों का प्रयोग करने हेतु संस्थान की प्रोत्साहन भत्ता नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत 'वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारी' वर्ग से श्री अजय कुमार, वैज्ञानिक-डी को कुल 5000/- (पाँच हजार) रुपये की नकद पुरस्कार के घोषणा के साथ उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्ति की घोषणा श्री राजीब कुमार कलिता, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग एवं वैज्ञानिक-एफ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने हिन्दी पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सभी व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। अपने संबोधन में हिन्दी पखवाड़ा-2023 को सफल बनाने एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आयोजित प्रतियोगिताओं के परीक्षकों का भी आभार व्यक्त किया।

**हिन्दी पखवाड़ा-2023 समापन कार्यक्रम की कुछ झलकियां...............**




हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
DIRECTOR


हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023


सत्यमेव जयते
हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
DIRECTOR


सत्यमेव जयते
हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
Azadi Ka Amrit Mahotsav
LiFE
Lifestyle for Environment
DIRECTOR


सत्यमेव जयते
हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
Azadi Ka Amrit Mahotsav
LiFE
Lifestyle for Environment
DIRECTOR


सत्यमेव जयते
हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
Azadi Ka Amrit Mahotsav
LiFE
Lifestyle for Environment
DIRECTOR


सत्यमेव जयते
हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
Azadi Ka Amrit Mahotsav
LiFE
Lifestyle for Environment
DIRECTOR


हिन्दी पखवाड़ा समारोह
14-27 सितम्बर,2023
आयोजक
भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
LiFE
Lifestyle for Environment
Azadi Ka Amrit Mahotsav
DIRECTOR

समाप्त...